# श्रुति शर्मा ने रिजेक्ट किया नागिन 4, मिला था नेगेटिव रोल

एकता कपूर का नागिन 4 अनाउंसमेंट के वक्त से ही चर्चा में बना हुआ है। सभी लोग यह जानने के लिए एक्साइटेड थे कि आखिर चौथे सीजन में एकता किस एक्ट्रेस को अपनी नागिन बनाएंगी। इसमें जहां निया शर्मा और जसमीन भसीन पॉजिटिव नागिन के रोल में नजर आएंगी, वहीं नेगेटिव शेड वाले नागिन के किरदार के लिए ऐक्ट्रेस श्रुति शर्मा को अप्रोच किया गया था। श्रुति शर्मा पॉप्युलर टीवी शो गठबंधन से चर्चा में आई थीं। यह शो जल्द ही बंद होने वाले हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, शो के बंद होने की खबरों के बीच श्रुति ने कई नए प्रॉजेक्ट्स साइन किए हैं। उन्हें नागिन 4 के लिए भी अप्रोच किया गया। एक रिपोर्ट के अनुसार, एक ऐक्टर के तौर पर श्रुति की काबिलियत को देखते हुए उन्हें नेगेटिव शेड वाली नागिन के रोल के लिए चुना जा सकता था। लेकिन उन्होंने रिजेक्ट कर दिया। इस बारे में जब श्रुति से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हां उन्हें नागिन 4 के लिए अप्रोच किया गया था लेकिन बिजी शेड्यूल के चलते वह उसे अक्सेप्ट नहीं कर पाईं। हालांकि उन्हें उम्मीद है कि भविष्य में उन्हें एकता कपूर के साथ काम करने का मौका जरूर मिलेगा। **एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

# दमदार है रानी मुखर्जी का लेडी सिंघम वाला अवतार

रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी का ट्रेलर रिलीज़ हो चुका है, जिसमें वह अपने दमदार पुलिसिया अवतार में एक बार फिर अपने दर्शकों का दिल जीतने के लिए बिल्कुल तैयार दिख रही हैं। साल 2014 में आई रानी की इसी नाम से पहली फिल्म मर्दानी में उन्होंने अपने शिवानी शिवाजी राव वाले किरदार का जबरदस्त जलवा दिखाया था। अब इसकी अगली फ्रैंचाइज़ी फिल्म अगले महीने रिलीज़ के लिए तैयार है। फिल्म का टीज़र और फर्स्ट लुक आते ही सुर्खियों में रहा और अब मेकर्स ने इसका ट्रेलर जारी किया है। इसी के साथ बताया गया है कि मर्दानी 2 16 दिस्मबर को रिलीज़ हो रही है। इस ट्रेलर में रानी एक ऐसे अपराधी का पीछा करती नजर आ रही हैं, जिसपर लड़कियों के साथ रेप और मर्डर का आरोप है। विडियो में रानी का अवतार लेडी सिंघम वाला है, जिसमें वह बेल्ट से किसी अपराधी को जमकर पीटती नजर आ रही हैं। पोस्टर्स से लेकर टीज़र और ट्रेलर में रानी अपने अग्रेसिव अवतार में नजर आ रही हैं। गोपी पुथरण द्वारा निर्देशित इस फिल्म को जयपुर और राजस्थान के कोटा में फिल्माया गया है, जिसमें ऐक्शन की भरमार है। रिपोर्ट की मानें तो फिल्म में रानी का सामना 21 साल के विलन से होना है। **एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

# भूल भुलैया 2 में कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी के साथ दिखाई देंगी तब्बू


कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी साल 2007 में आई हॉरर-कॉमिडी फिल्म भूल भुलैया के सीक्वल में नजर आने जा रहे हैं। इस फिल्म के पहले पार्ट में अक्षय कुमार, विद्या बालन और शाइनी अहूजा मुख्य भूमिकाओं में थे। अब इसके सीक्वल भूल भुलैया 2 की शूटिंग भी शुरू हो गई है। अब पता चला है कि इस फिल्म में इस बार तब्बू भी नजर आएंगी। अनीस बज्मी के डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म में तब्बू को भी कास्ट किया गया है। फिल्म से जुड़े एक नजदीकी सूत्र ने बताया, पिछले कुछ समय से तब्बू की फिल्म के मेकर्स से बातचीत हो रही थी। उन्हें अपना रोल और स्क्रिप्ट काफी पसंद आई है। वह जनवरी में कास्ट से जुड़ेंगी और तीन महीने का सेकंड शेड्यूल का शूट लंदन और राजस्थान में होगा। हालांकि इससे पहले तब्बू 2017 में रोहित शेट्टी की हॉरर-कॉमिडी फिल्म गोलमाल अगेन में भी काम कर चुकी हैं जिसमें वह भूतों से बात कर सकती थीं। हालांकि भूल भूलैया 2 भी उसी जॉनर की फिल्म है लेकिन इसमें तब्बू का किरदार बिल्कुल अलग बताया जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि जहां भूल भुलैया कॉमिडी से भरपूर साइकलॉजिकल थ्रिलर फिल्म थी वहीं भूल भुलैया 2 पूरी तरह से एक हॉरर-कॉमिडी फिल्म होगी। अब कार्तिक और कियारा की जोड़ी के साथ पहली बार तब्बू को देखना काफी दिलचस्प होगा।

# पागलपंती के प्रमोशन के दौरान धड़ाम से गिरे पुलकित सम्राट

फिल्म पागलपंती की स्टारकास्ट इन दिनों मूवी के प्रमोशन में जुटी हुई है। इस दौरान का एक विडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है जिसमें इंटरव्यू लेने वाली टीम के साथ मिलकर कास्ट के अन्य सितारे पुलकित सम्राट पर प्रैंक करते दिखाई दे रहे हैं। विडियो में अनिल कपूर और जॉन अब्राहम कुर्सियों पर बैठे नजर आ रहे हैं। उनके बीच की कुर्सी खाली दिखती है। अनिल पुलकित से कहते हैं अगर वह रेडी हो गए हैं तो आकर बैठ जाएं। इस पर पुलकित यस सर बोलते हुए जैसे ही सीट पर बैठते हैं वह नीचे गिर जाते हैं। यह देख सभी की हंसी छूट जाती है। दरअसल, कुर्सियों पर सफेद कपड़ा डला हुआ था जिससे ऐसा लग रहा था जैसे बीच में भी कुर्सी रखी हुई हो, लेकिन असर में उसकी सीट पीछे की ओर घुमा दी गई थी। बता दें कि, फिल्म पागलपंति में अनिल कपूर, जॉन अब्राहम, पुलकित सम्राट, अरशद वारसी, कृति खरबंदा, उर्वशी रौतेला और इलियाना डिक्रूज जैसे सितारें हैं। इस फिल्म वेलकम जैसा ही टच देने की कोशिश की गई है। **एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

# ठाकरे 2 की स्क्रिप्ट पर काम शुरू हो गया है: नवाजुद्दीन सिद्दीकी






बॉलिवुड के बेहतरीन अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने शिव सेना प्रमुख बाला साहब की बायॉपिक ठाकरे में उनकी भूमिका निभाई थी। अब फिल्म के पार्ट 2 यानी ठाकरे 2 पर काम शुरू हो गया है। नवभारतटाइम्स डॉट कॉम से हुई बातचीत में नवाज ने बताया कि ठाकरे 2 की स्क्रिप्टिंग का काम शुरू हो गया है, जैसे ही लिखाई का काम पूरा हो जाएगा, वह शूटिंग से पहले की जाने वाली वर्कशॉप शुरू कर देंगे।

बॉलिवुड के बेहतरीन अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने शिव सेना प्रमुख बाला साहब की बायॉपिक ठाकरे में उनकी भूमिका निभाई थी। अब फिल्म के पार्ट 2 यानी ठाकरे 2 पर काम शुरू हो गया है। नवाज ने बताया कि ठाकरे 2 की स्क्रिप्टिंग का काम शुरू हो गया है, जैसे ही लिखाई का काम पूरा हो जाएगा, वह शूटिंग से पहले की जाने वाली वर्कशॉप शुरू कर देंगे। नवाजुद्दीन बताते हैं, इस समय फिल्म ठाकरे 2 की स्क्रिप पर काम चल रहा है, जाहिर है फिल्म का पार्ट 2 भी मैं करूंगा। जैसे ही स्क्रिप्ट के लिखाई का काम पूरा हो जाएगा और संजय राउत जी मुझे इन्फॉर्म करेंगे मैं उस फिल्म पर भी काम करूंगा। फिल्म में बालासाहब ठाकरे का जो किरदार मैं निभाऊंगा वह बहुत ही इंट्रेस्टिंग हैं, पहला भाग कर चुका हूं। बहुत मेहनत की थी मैंने फिल्म के पहले भाग में और मजा भी बहुत आया था।

नवाज कहते हैं, मुझे नए निर्देशकों के साथ काम करने में ज्यादा मजा आता है, यह मेरा शौक भी है, क्योंकि नए लोग नई चीजें, नए सोच के साथ आते हैं। नए निर्देशकों के विचार बहुत ही ग्लोबल होते हैं। मैं निर्देशन के बारे में कुछ नहीं जानता तो अब तक कभी नहीं सोचा कि मैं निर्देशन करूं। मुझे तो कैमरा के बारे में भी कुछ नहीं पता, सिर्फ ऐक्टिंग और उससे जुड़ी बातें करना ही मुझको आता है। अगर मैं दिनभर शूटिंग नहीं करता हूं तो दोस्तों के साथ ऐक्टिंग से जुड़ी बातचीत करता हूं। 20-25 साल से मेरी जिंदगी ऐसी ही चल रही है।

नवाजुद्दीन इस समय अपनी रिलीज़ के लिए तैयार फिल्म मोतीचूर चकनाचूर के प्रमोशन में बिजी हैं। फिल्म में उनके साथ आथिया शेट्टी अहम भूमिका में हैं। यह फिल्म 15 नवंबर को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ हो रही है। इस फिल्म का निर्देशन देबामित्रा बिस्वाल ने किया है। इस फिल्म के बाद नवाज की फिल्म रोम रोम में भी रिलीज़ के लिए तैयार है, हालांकि अब तक फिल्म के रिलीज़ डेट फाइनल नहीं हुई है।

# बॉलीवुड में अपने दम पर सफलता हासिल करना आसान नहीं : यामी गौतम



अभिनेत्री यामी गौतम ने अपने करियर में विकी डोनर, काबिल और उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक जैसी हिट फिल्में दी हैं और उनका मानना है कि बॉलीवुड में अकेले अपने दम पर सफलता हासिल करना आसान नहीं है।

यह पूछे जाने पर कि स्टारडम उन्हें कैसा लगता है। यामी ने कहा, मुझे पता है कि मैं कैसे एक अभिनेत्री के रूप में बेहतर हुई हूं। मैंने विकी डोनर, बदलापुर, काबिल और सरकार जैसी फिल्में की। सरकार हिट नहीं रही, लेकिन यह फिल्म मेरे लिए विशेष रहेगी क्योंकि इसमें अमिताभ बच्चन थे। उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक और अब बाला भी मेरे लिए बहुत बढ़िया फिल्म रही।

यामी ने कहा, जाहिर तौर पर मैं बेहतर हुई हूं, लेकिन मैं नहीं समझती कि मैं स्टार हूं..मैं अभी भी एक पहाड़ी, चंडीगढ़ की लड़की हूं और मुझे अपने बारे में यह चीज बहुत अच्छी लगती है। फिल्म मेरे पूरे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और मैं इसके लिए आभारी हूं। बॉलीवुड में अकेले अपने दम पर कुछ बनना आसान नहीं है।

उन्होंने कहा, देश में बहुत सारे प्रतिभाशाली लड़के और लड़कियां हैं जिन्हें शायद अबतक मौके नहीं मिले। मैं खुश हूं कि मुझे इस तरह की अच्छी स्क्रिप्ट पर फिल्म निर्माताओं के साथ काम करने के मौके मिल रहे हैं।

# रोल की तैयारी के लिए बार में जाती थीं रकुल प्रीत सिंह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



सिद्धार्थ मल्होत्रा, रितेश देशमुख, तारा सुतारिया की मुख्य भूमिकाओं वाली फिल्म मरजावां रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म में रकुल प्रीत सिंह भी एक सेक्स वर्कर की भूमिका में दिखाई देंगी। मिलाप झावेरी के डायरेक्शन में बनने वाली इस फिल्म में अपने रोल की तैयारी के लिए रकुल प्रीत कुछ बार में जाती थीं ताकि वह अपने कैरक्टर को ठीक से निभा सकें।

उन्होंने बताया, मेरा कैरक्टर आरजू 90 के दशक का है जो हम आजकल फिल्मों में नहीं देखते हैं। आरजू भारी-भरकम डायलॉग और शायरी भी बोलती है। वह बेहद स्ट्रॉन्ग लड़की है लेकिन इसी के साथ उसमें बहुत सारी अदा और नजाकत भी है। मेरे लिए यह जरूरी था कि मेरा कैरक्टर फिल्म में काफी रियल लगे।

अपना रोल ठीक से निभाने के लिए रकुल प्रीत ने एरियल योगा और बेली डांसिंग भी सीखे। उन्होंने कहा, क्योंकि इस कैरक्टर में काफी डांसिंग और लचीली बॉडी चाहिए थी, इसके लिए मैंने एरियल योगा, एरियल हैमॉक और बेली डांसिंग सीखे। मैं अपना चेहरा ढक कर अपने कुछ पुरुष मित्रों के साथ बार में भी गई। वहां पर मैंने मौजूद लड़कियों की भाषा और बॉडी लैंग्वेज पर ध्यान दिया। हालांकि मैं उनसे बात नहीं कर सकी क्योंकि मुझे इसकी इजाजत नहीं थी। इस अनुभव के जरिए मैं अपने भीतर इस कैरक्टर को जीवित कर सकी।